प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 08.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- हरियाणा और जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी, हरियाणा में भाजपा 48 सीटों पर आगे, जम्मू कश्मीर में एनसी–कांग्रेस गठबंधन को 50 और भाजपा को 27 सीटों पर बढ़त।
- प्रवर्तन निदेशालय की टीम जमीन घोटाले से जुड़े मामले में रांची, धनबाद और आसपास के कई ठिकानों पर कर रही छापेमारी, नगद और कागजात बरामद।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।
- भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–रोटी, बेटी, माटी की रक्षा हमारा संकल्प, झारखंड में लागू होगा एनआरसी।
- ओड़िशा के भुवनेश्वर में चल रही ईस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन, चार स्वर्ण, दो रजत समेत नौ पदक जीते।

****

हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। ताजा रूझान के अनुसार हरियाणा में भाजपा 48 सीटों पर आगे है। जबकि कांग्रेस 36 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। जम्मू कश्मीर में एनसी–कांग्रेस गठबंधन 50 सीटों पर जबकि भाजपा 27 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। हरियाणा में भाजपा की बढ़त पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ठोस काम पर ही जनता आशीर्वाद देती है।

****

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीम जमीन घोटाले से जुड़े मामले में आज रांची, धनबाद और आसपास के इलाकों में छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई रांची के पंडरा थाने में दर्ज प्राथमिकी की आधार पर की जा रही है। ईडी की टीम रांची के कांके अंचल कार्यालय से जुड़े तीन अंचल अधिकारियों और कई जमीन कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। धनबाद के डीटीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के सदर थाना क्षेत्र स्थित आवास में आज सुबह ईडी की टीम ने दबिश दी। फिलहाल छापेमारी जारी है। बताया जा रहा है कि ईडी को डीटीओ के आवास से नगद राशि और कई कागजात मिले हैं।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड से दो अक्टूबर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया है जो वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के विकास को लेकर मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी मुख्यमंत्रियों से इस अभियान की खुद निगरानी करने का आग्रह किया।

****

झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पार्टी का विस्तृत घोषणा पत्र जल्द जारी होगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही एनआरसी लागू किया जायेगा।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

भारतीय जनता पार्टी की ओर से गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाने के अभियान पर झारखंड में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। झामुमो की ओर से आपत्ति जताए जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी उपायुक्तों को नियम तोड़नेवालों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है।

****

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने कहा है कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता चुनाव अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभावी होती है। अधिसूचना जारी होने से पहले सभी राजनीतिक दलों को अपने–अपने कार्यक्रम संचालित करने का अधिकार है।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनायी जा रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सरायकेला जिले के आदित्यपुर में दुर्गा पूजा पंडाल का उद्‌घाटन किया। इस दौरान श्रीसोरेन ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र के लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष लगाव है। यही कारण रहा कि जमशेदपुर में जनसभा के दिन मौसम खराब होने के बावजूद श्रीमोदी सड़क मार्ग से कोल्हान के लोगो के बीच पहुंचे थे। खूंटी जिले के भगत सिंह चौक पर हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध जटौली शिव मंदिर का प्रारूप बनाया गया है। यहां सरसों के दानों से पूजा पंडाल की सजावट की गई है। जमशेदपुर के ज्यादातर पूजा पंडालों के पट खुल गये हैं और माता के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

****

पश्चिमी सिंहभूम ज़िले में दुर्गा पूजा के दौरान स्वच्छता ही सेवा का संकल्प लिया गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर झारखंड पर दिख रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 11 अक्तूबर तक राज्य के सभी हिस्सों में बादल छाये रहेंगे और कई स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची के अलावा कई जिलों में बारिश हो सकती है।

****

भारतीय एथलेटिक संघ और ओडिशा एथलेटिक्स संघ की ओर से ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित 35वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में झारखंड के एथलीटों ने पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान झारखंड के एथलीटों ने चार स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक अपने नाम किया। इस चैंपियनशिप में झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, सिक्किम, त्रिपुरा, नागालैंड, अंडमान निकोबार समेत मेजबान ओडिशा की टीम भाग ले रही है।

****